# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (14.12.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 14.12.2024, PAGE-10**

### लेटर पैड के गलत इस्तेमाल का लगाया आरोप

मुजफ्फरपुर। बिहार प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने उनके लेटर पैड के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया है। कहा है कि असामाजिक तत्वों ने इसका गलत इस्तेमाल कर बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. डीसी राय पर आरोप लगाया है और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

### बिहार विवि में अब स्टैंड में ही लगेगी बाइक

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के डिप्टी रजिस्ट्रार वन धीरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को निर्देश जारी कर कहा है कि जो भी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बाइक से विवि आते हैं, वह अपनी बाइक स्टैंड में लगाएं। कार से आने वाले ऑडिटोरियम परिसर में गाड़ी लगाएंगे। जो छात्र बाइक से विवि आते हैं, वह अपनी गाड़ी कैंटीन के बगल में लगाएंगे। शिक्षक और शिक्षकेत्तरकर्मी बाइक लगाने से पहले अपनी आईडी सुरक्षाकर्मी को दिखाएंगे।

Hindi News ▸ बिहार न्यूज़ ▸ मुजफ्फरपुर ▸ Allegations Against BRABU VC D C Rai Misuse of Freedom Fighter Organizati

Newswrap • हिन्दुस्तान, मुजफ्फरपुर

Fri, 13 Dec 2024 09:27 PM

### लेटर पैड के गलत इस्तेमाल का लगाया आरोप

बिहार प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने असामाजिक तत्वों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उनके लेटर पैड का गलत इस्तेमाल कर बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. डीसी राय पर...

मुजफ्फरपुर। बिहार प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने उनके लेटर पैड के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया है। कहा है कि असामाजिक तत्वों ने इसका गलत इस्तेमाल कर बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. डीसी राय पर आरोप लगाया है और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। उधर, विवि के आइक्यूएसी निदेशक प्रो. कल्याण कुमार झा ने कहा कि कुलपति के कार्यकाल में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन से कुछ असामाजिक तत्त्वों में घबड़ाहट हो गई है। इस कारण अनावश्यक आरोप लगाया जा रहा है। नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया में कुलपति ने जिस तरह से सकारात्मक निर्देशन किया है वह अद्वितीय है। इस प्रकार के आरोप से विश्वविद्यालय का माहौल नकारात्मक होगा। इससे अंततः छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का ही नुकसान होगा।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE - 14.12.2024, PAGE-10

# संगोष्ठी में अंतिम दिन योग के महत्व पर हुई चर्चा

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के दर्शनशास्त्र विभाग में चल रही दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन शुक्रवार को हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भावात्मानंद सरस्वती ने योग के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के योग विषयक विचार का उल्लेख किया। जोधपुर से प्रो. अवतार लाल मीणा और आरा से प्रो. किस्मत कुमार सिंह भी संगोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रो. लक्ष्मी कुमारी साह, प्रो. सरोज कुमार वर्मा, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. राजेश्वर सिंह, डॉ. पायोली, डॉ. रेणुवाला, डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. हरिशंकर प्रसाद, डॉ. सुमंत कुमार, डॉ. रविशेखर, डॉ. हरिशंकर और दिनेश कुमार सम्मानित किया गया। समापन सत्र के पूर्व तीन शैक्षणिक सत्र हुए, जिसमें डॉ. मनोज कुमार राय, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. रणंजय सिंह, राजेश कुमार तिवारी, डॉ. राजकुमार चौबे, मनोज कुमार तिवारी, डॉ. सुधांशु शेखर आदि ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

# विवि में डिस्टेंस फिर खुलने की उम्मीद

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में डिस्टेंस के फिर से खुलने की उम्मीद जगी है। यूजीसी इसे बाइनरी मोड में चला सकता है। नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय को खोलने के बाद डिस्टेंस के भी फिर से खुलने के कयास लगाये जा रहे हैं।

यूजीसी देश के सभी दूरस्थ शिक्षा संस्थानों को फिर से खोलने की तैयारी कर रहा है। इसी के तहत नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय को खोला गया है। बीआरएबीयू के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के सहायक नोडल अफसर डॉ. कांतेश कुमार के अनुसार बाइनरी मोड का मतलब डिस्टेंस में केवल पारंपरिक विषयों की पढ़ाई होगी, जिसका आर्डिनेंस कॉलेजों में पास है। इसके अलावा अन्य कोर्स की पढ़ाई नहीं हो सकेगी।

- यूजीसी बाइनरी मोड में खोल सकता है डिस्टेंस
- दूरस्थ शिक्षा संस्थान को फिर से खोलने की तैयारी

**डिस्टेंस की 81 लंबित परीक्षाओं का गया है प्रस्ताव :** डिस्टेंस में 81 परीक्षाएं लंबित हैं। इन परीक्षाओं को कराने के लिए परीक्षा विभाग को पत्र भेजा गया है। परीक्षा विभाग ही इन परीक्षाओं का आयोजन कराएगा। हालांकि, अभी परीक्षाओं की तारीख की घोषणा नहीं की गई है। 81 परीक्षाओं में कई सत्रों की परीक्षा शामिल है। इन परीक्षाओं में पांच हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

**डिस्टेंस पहले में चलते थे 31 कोर्स :** डिस्टेंस में पहले 31 कोर्स चलते थे। इनमें पीजी के 9, स्नातक स्तर के 9 और प्रोफेसनल कोर्स 13 चलते थे। डिस्टेंस में बीएड की भी पढ़ाई होती थी।

## बीआरएबीयू में वर्ष 2016 से ही बंद है डिस्टेंस

बीआरएबीयू का दूरस्थ शिक्षा निदेशालय वर्ष 2016 से बंद है। यूजीसी से मान्यता नहीं मिलने के कारण इसे बंद कर दिया गया था। हालांकि, वर्ष 2019 में बीसीए-बीबीए कोर्स के लिए यूजीसी की टीम ने निरीक्षण किया था, लेकिन उसके बाद भी दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में दाखिला नहीं हुआ था। इसके बाद दो साल पहले दूरस्थ शिक्षा निदेशालय से लंबित एमफिल की परीक्षा भी कोर्ट के आदेश पर हुई। पिछले दिनों कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को पूरी तरह से बंद कर दिया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE : 14.12.2024, PAGE-10

# अमेरिकी विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि के फिजिक्स विभाग में इंटरनेशनल सिंपोजियम ऑन कंटेंपरेरी रिसर्च एंड इन्नोवेशन इन फिजिकल साइंसेज विषय पर सेमिनार होगा। इसका आयोजन शनिवार व रविवार (14 और 15 दिसंबर) को विवि के सीनेट हॉल में होगा। उद्घाटन केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय करेंगे।



फिजिक्स विभाग में शुक्रवार को सेमिनार के बारे में जानकारी देते विभागाध्यक्ष व अन्य।

फिजिक्स विभागाध्यक्ष प्रो. ललन कुमार झा ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इसमें अमेरिका से दो विशेषज्ञ तुसकेगी विश्वविद्यालय के प्रो. प्रकाश चंद्र शर्मा व प्रो. अक्षय कुमार भी हिस्सा लेंगे। सेमिनार में नैनो साइंस से लेकर अक्षय ऊर्जा तक पर लोगों को जानकारी दी जाएगी। विभाग की प्रो. संगीता सिन्हा ने बताया कि एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में देश के प्रख्यात वैज्ञानिक, शिक्षाविद व इंटर यूनिवर्सिटी एक्सीलेटर सेंटर के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडे उपस्थित रहेंगे। वहीं, प्रो. झा ने बताया कि इससे शोधार्थियों के शोध को एक नई दृष्टि मिल सकेगी। प्रो. झा ने बताया कि इसमें कुल 142 पंजीकृत प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बीएचयू के प्रो. एससी राव, प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. रंजन सिंह, आईआईटी पटना के प्रो. रवींद्र कुमार तिवारी, प्रो. चंद्रकांत मिश्रा, प्रो. मनोज शरण, प्रो. बीके सिंह, प्रो. राघवेंद्र पांडे भाग लेंगे।

# विवि में रसियन संस्कृति पर कार्यशाला 16 को

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में रसियन संस्कृति पर कार्यशाला होगी। कार्यक्रम का आयोजन 16 दिसंबर को किया जाएगा। रसियन विभाग के डॉ. दिव्यम प्रकाश और डॉ. सुषमा कुमारी ने बताया कि कार्यशाला में रूस की पुस्किन स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ रसियन लैंगवेज की तरफ से रूस की संस्कृति के बारे में बिहार विवि के छात्रों को बताया जाएगा। कार्यक्रम में रसियन लैंगवेज की एंबेस्डर पोलिना डूस्किना और अन्ना लिस्टोवा शामिल होंगी। कार्यक्रम की शुरुआत सीनेट हॉल में होगी, बाकी कार्यक्रम एलएस कॉलेज और आरबीबीएम कॉलेज में होंगे। कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा। इसमें मास्टर क्लास, क्विज और व्याख्यान होंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 14.12.2024, PAGE-10

## बीआरएबीयू : एलएस कॉलेज में दो दिवसीय इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट का आगाज

# एलएस की काजल और नीतीश्वर के विशाल सबसे तेज धावक बने

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददाता। बीआरएबीयू मेंस व वीमेंस इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट का शुक्रवार को एलएस कॉलेज खेल मैदान में आगाज हुआ। टीपी वर्मा कॉलेज की टीम ने पहले दिन तीन गोल्ड, पांच सिल्वर व छह ब्रांज मेडल जीते। मेजबान एलएस कॉलेज की धावक काजल कुमारी ने वीमेंस 100 मीटर फर्राटा दौड़ में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। टीपी वर्मा कॉलेज, नरकटियागंज की चांदनी कुमारी दूसरे स्थान पर रही। इसी कॉलेज की सोनी कुमारी को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।



शुक्रवार को इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर स्पर्धा में दौड़ लगातीं खिलाड़ी।

मेंस 100 मीटर फर्राटा दौड़ जीतकर नीतीश्वर सिंह कॉलेज के विशाल कुमार यूनिवर्सिटी के सबसे तेज धावक बने। आरएलएसवाई कॉलेज, बेतिया के एथलीट सचिन कुमार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि डॉ. राममनोहर लोहिया कॉलेज के रंधीर कुमार को तीसरा स्थान मिला। मेंस 1500 मीटर दौड़ में जेएलएनएम के आकाश कुमार, टीपी वर्मा कॉलेज के वाजिद अली और सीजीआई कॉलेज के राजा आलम पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर मेंस में लोहिया कॉलेज के मासूम प्रथम, टीपी वर्मा के संजय कुमार द्वितीय व जेएलएनएम के आकाश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर वीमेंस में टीपी वर्मा कॉलेज की अन्नू कुमारी व इसी कॉलेज की शालून खातून पहले व दूसरे स्थान पर रही।

इससे पहले मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. दिनेश चन्द्र राय ने ध्वज फहराकर दो दिवसीय मीट का उद्घाटन किया। एथलीटों ने मार्चपास्ट किया। एलएस कॉलेज के नेशनल एथलीट हर्षित कुमार ने खिलाड़ियों की ओर से शपथ ली। एलएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओपी राय ने डॉ. राय, सिटी एसपी विक्रम सिहाग, डॉ. संजय सिन्हा, सचिव डॉ. कांतेश कुमार को सम्मानित किया।

**वीमेंस लंबी कूद:** प्रथम- पलक कुमारी, द्वितीय- सोनी कुमार व तृतीय- गुड़िया कुमारी। वीमेंस 3000 मीटर दौड़: प्रथम- रंजू कुमारी, द्वितीय- सुमन कुमारी व तृतीय- पूजा कुमारी। वीमेंस 400 मीटर: प्रथम- लक्की कुमारी, द्वितीय- अदिती कुमारी व तृतीय- लक्ष्मी कुमारी। वीमेंस ऊंची कूद: प्रथम- काजल कुमारी, द्वितीय- लक्ष्मी कुमारी व तृतीय- प्रियंका कुमारी।



शॉटपुट में प्रदर्शन करती एथलीट।

**Ref:.....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 14.12.2024, PAGE-10

# पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से

- फॉर्म भरने की तारीख 16 दिसंबर तक बढ़ी
- पार्ट थ्री के रिजल्ट को परीक्षा नियंत्रक से मिले

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में पीजी सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2023-25 की परीक्षा 20 दिसंबर से होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने शुक्रवार को परीक्षा शेड्यूल जारी किया।

परीक्षा के लिए सभी विषयों को आठ समूहों में बांटा गया है। परीक्षा 25 जनवरी तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 और दूसरी पाली दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक चलेगी। प्रैक्टिकल की परीक्षा चार से 11 फरवरी तक होगी। परीक्षा को लेकर फार्म भरने की तारीख भी बढ़ा दी गई है। फार्म 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ 16 दिसंबर तक भरे जाएंगे। उधर, पार्ट थ्री की परीक्षा के रिजल्ट को लेकर एबीवीपी के नेताओं ने परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात की। नेताओं ने कहा कि पार्ट थ्री सत्र 2021-24 की परीक्षा पांच सितंबर को ही खत्म हो गई, लेकिन अबतक उसका रिजल्ट जारी नहीं हुआ है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 14.12.2024, PAGE-06**

## फर्जी लेटरपैड पर भ्रामक जानकारी हो रही प्रसारित

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में जाति विशेष के शिक्षकों को पदाधिकारी नियुक्त करने और अवैध तरीके से लाभ देने से जुड़े मुद्दे की जानकारी को भ्रामक तरीके से एक संगठन के फर्जी लेटरपैड पर प्रसारित किया जा रहा है। बिहार प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने पत्र को फर्जी बताते हुए कुलाधिपति सह राज्यपाल को पत्र भेजा है। कहा है कि उनके लेटरपैड का किसी ने गलत इस्तेमाल कर कुलपति के खिलाफ लिखा है। आइक्यूएसी निदेशक प्रो. कल्याण कुमार झा ने कहा कि कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के कार्यकाल में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन से कुछ असामाजिक तत्वों में घबराहट है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:14.12.2024**
**PAGE-06**

## भौतिकी विभाग में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आज से

**मुजफ्फरपुर:** विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की ओर से दो दिवसीय सेमिनार शनिवार से होगा। विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में आयोजित सेमिनार में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद डा. राजभूषण चौधरी, बिहार विधान परिषद सदस्य प्रो. संजय कुमार सिंह, कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय शामिल होंगे। भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. ललन कुमार झा ने यह जानकारी दी। (जासं)

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE-14.12.2024, PAGE-06

# राम मनोहर लोहिया और टीपी वर्मा कालेज का दबदबा, खेल रोमांचक

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बाबा साहब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता एलएस कालेज की मेजबानी में शुक्रवार को शुरू हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष वर्ग में डा. राम मनोहर लोहिया कालेज मुजफ्फरपुर व महिला वर्ग में टीपी वर्मा कालेज नरकटियागंज का दबदबा रहा।

डा. राम मनोहर लोहिया कालेज तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य के साथ शीर्ष पर है। वहीं महिला वर्ग में टीपी वर्मा कालेज चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य के साथ शीर्ष पर है। एलएस कालेज दो स्वर्ण व दो रजत पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। एलएस कालेज मैदान में प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने किया। प्रतियोगिता में 28 कालेजों के 587 महिला व पुरुष एथलीट भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर एलएस कालेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय, सिटी एसपी विक्रम सिहाग, पूर्व आइएएस अधिकारी और विश्वविद्यालय खेल परिषद के संरक्षक डा. संजय सिन्हा, प्रो. गोपालजी, प्रो. सुरेंद्र राय, डा. कांतेश कुमार, आयोजन सचिव महेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

**28** कालेजों के 587 महिला और पुरुष एथलीट कर रहे शिरकत

**100** मीटर की रेस में विशाल और काजल फर्राटा चैंपियन

**एलएस कालेज में बिहार विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स शुरू**



एलएस कालेज मैदान में इंटर कालेज प्रतियोगिता में लंबी कूद लगाते खिलाड़ी ● जागरण



इंटर कालेज प्रतियोगिता में गोला फेंकती खिलाड़ी ● जागरण

**पुरुष वर्ग:** 100 मीटर रेस में नीतीश्वर कालेज के विशाल कुमार ने स्वर्ण, आरएलएसवाई बेतिया के सचिन कुमार ने रजत एवं लोहिया कालेज के रणधीर कुमार ने कांस्य, 1500 मीटर रेस में जेएलएनएम के आकाश कुमार ने स्वर्ण, टीपी वर्मा कालेज के वाजिद अली ने रजत एवं सीजीआइ कालेज बेतिया के राजा आलम ने कांस्य, लंबी कूद में एलएस कालेज के हर्षित राज ने स्वर्ण, एलएनडी के आशित आलम ने रजत एवं टीपी वर्मा कालेज के विक्की कुमार ने कांस्य, शाटपुट में लोहिया कालेज के रवि भास्कर ने स्वर्ण, एलएनटी कालेज के युवराज मिश्रा ने रजत एवं टीपी वर्मा कालेज के रौनक कुमार ने कांस्य, 5000 मीटर रेस में एलएस कालेज के अमन राज ने स्वर्ण, आरएस कालेज के विशाल कुमार झा ने रजत एवं जेएलएनएम घोड़ासहन के प्रदीप कुमार ने कांस्य, 400 मीटर रेस में लोहिया कालेज के मौसम कुमार ने स्वर्ण, आरएस कालेज के सत्यम कुमार झा ने रजत एवं टीपी वर्मा कालेज के संजय कुमार ने कांस्य, ऊंची कूद में लोहिया कालेज के गौतम कुमार ने स्वर्ण, जमुनी लाल कालेज हाजीपुर के प्रेम वर्द्धन चौधरी ने रजत एवं एनएन कालेज के विक्की कुमार ने कांस्य तथा भाला प्रक्षेपण में रामशरण राज कालेज के अभिषेक ने स्वर्ण, जेएनएलएम कालेज के तबरेज अंसारी ने रजत एवं एलएनटी कालेज के विवेक कुमार ने कांस्य पदक जीता।

**महिला वर्ग :** 100 मीटर रेस में एलएस कालेज की काजल कुमारी ने स्वर्ण, टीपी वर्मा कालेज की चांदनी कुमारी ने रजत एवं सोनी कुमारी ने कांस्य, 1500 मीटर रेस में टीपी वर्मा कालेज की अन्नू कुमारी ने स्वर्ण एवं सालू खातून ने रजत, लंबी कूद में टीपी वर्मा कालेज की पलक कुमारी ने स्वर्ण, टीसीपीई की सोनी कुमारी ने रजत एवं सीजीआइ कालेज की गुड़िया कुमारी ने स्वर्ण, शाट पूट स्पर्धा में एलएस कालेज की नेहा कुमारी ने स्वर्ण, आरडीएस कालेज की निशांत कुमारी ने रजत एवं एमडीडीएम कालेज प्रीति कुमारी ने कांस्य, 3000 मीटर रेस में आरएस कालेज की रंजू कुमारी ने स्वर्ण, टीपी वर्मा कालेज की सुमन कुमारी ने रजत एवं पूजा कुमारी ने कांस्य, 400 मीटर रेस में टीपी वर्मा कालेज की लक्की कुमारी ने स्वर्ण, एलएस कालेज की अदिति कुमारी ने रजत एवं एमएसकेबी की लक्ष्मी कुमारी ने कांस्य, ऊंची कूद में एलएस कालेज की काजल कुमारी ने स्वर्ण, टीपी वर्मा कालेज की लक्की कुमारी ने रजत एवं आरबीबीएम कालेज की प्रियंका कुमारी को कांस्य तथा भाला प्रक्षेपण में एमडीडीएम की प्रीति कुमारी ने स्वर्ण, टीपी वर्मा कालेज की मिनी कुमारी ने रजत एवं एलएनटी की सुफिया परवीन ने कांस्य पदक जीता।

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 14.12.2024, PAGE04**

## विवि की भ्रामक जानकारी कर दी वायरल

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में जाति विशेष के शिक्षकों को पदाधिकारी नियुक्त करने व अवैध तरीके से लाभ देने से जुड़े मुद्दे की जानकारी को भ्रामक तरीके से एक संगठन के फर्जी लेटरपैड से वायरल किया जा रहा है. इसको लेकर संगठन की ओर से पत्र को फर्जी बताते हुए इससे कोई संबंध नहीं होने की बात कही गयी है. बिहार प्रदेश स्वत्रंतता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह ने कुलाधिपति सह राज्यपाल को पत्र भेजा है. कहा है कि उनके लेटरपैड का किसी ने गलत इस्तेमाल कर बीआरएबीयू के वीसी के खिलाफ गलत तथ्यों को लिखकर भेज दिया है. आइक्यूएसी निदेशक प्रो कल्याण झा ने कहा कि वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय के कार्यकाल में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन से कुछ असामाजिक तत्त्व घबरा गये हैं.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 14.12.2024, PAGE-04**

## विवि में 16 से होगी कार्यशाला पहुंचेंगी रशियन एंबेस्डर्स भी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के रशियन विभाग में 16 दिसंबर से होने वाली कार्यशाला में दो रशियन एंबेस्डर्स पहुंचेंगे. बीआरएबीयू के साथ पुश्किन यूनिवर्सिटी रशिया के साथ एमओयू किया गया है. ये दोनों एंबेस्डर्स पुश्किन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि के तौर पर यहां आयेंगे. साथ ही ये एमओयू को एक्सचेंज करेंगे. इस दौरान वे बिहार की संस्कृति से भी अवगत होंगे. तीन दिनों तक यहां कार्यक्रम का आयोजन होगा. पहले दिन सीनेट हॉल में कार्यशाला होगी. इस दौरान वे रशिया की संस्कृति के बारे में भी जानकारी देंगे. साथ ही इसके अगले दो दिनों तक एलएस कॉलेज व आरबीबीएम कॉलेज में कार्यक्रम होगा. इस संबंध में विभाग के डॉ दिव्यम प्रकाश व डॉ सुष्मा ने जानकारी दी. बताया कि इससे छात्र-छात्राओं को रशिया की संस्कृति को जानने का मौका मिलेगा. दुनिया में रशियन लैंग्वेज के एंबेस्डर पोलिना डूस्किना व अन्ना लिस्टोवा यहां आयेंगी.

## विवि : पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 से होगी

<u>वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर</u>

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पीजी सत्र 2023-25 के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान की ओर से संबंधित विभागों व कॉलेजों को कार्यक्रम भेज दिया गया है.

परीक्षा 20 दिसंबर से शुरू होगी. दो पालियों में 29 जनवरी, 2025 तक यह परीक्षा संचालित की जाएगी. पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 और दूसरी पाली दोपहर एक से संध्या चार बजे तक चलेगी. इसको लेकर विषयों को आठ ग्रुप में बांटा गया है. चार से 11 फरवरी 2025 तक इसकी प्रायोगिक परीक्षा ली जाएगी. इधर, विश्वविद्यालय ले इस सत्र में फॉर्म भरने से वंचित रहे छात्र-छात्राओं को एक और मौका दिया है. 16 दिसंबर तक 200 रुपये विलंब शुल्क संग फॉर्म भरा जायेगा.

- दो पालियों में होगी परीक्षा, विभाग की ओर से जारी किया गया शेड्यूल
- आठ ग्रुप में बांटे गये विषय



### चिंताजनक : बेपटरी होता जा रहा है पीजी का सत्र

पीजी का सत्र बेपटरी होता जा रहा है. इस सेमेस्टर की परीक्षा सितंबर-अक्तूबर में हो जानी चाहिए थी, लेकिन यह परीक्षा अगले वर्ष फरवरी तक चलेगी. 2025 में यह सत्र पूरा होना है, वहीं इस सत्र के दो सेमेस्टर की परीक्षा अगले वर्ष लेनी होगी.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें.

### ग्रुप और विषय

- ए- इतिहास, संस्कृत, एआइएच एंड सी, भोजपुरी
- बी- कॉमर्स, पर्शियन, समाजशास्त्र
- सी- भूगोल, गृहविज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स
- डी- हिन्दी, रसायनशास्त्र, संगीत
- इ- मनोविज्ञान, मैथिली, उर्दू, बॉटनी
- एफ- राजनीति विज्ञान, भौतिकी, बांग्ला
- जी- अर्थशास्त्र, जूलॉजी, दर्शनशास्त्र
- एच- अंग्रेजी, गणित

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 14.12.2024, PAGE-04**

## स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के लेटरहेड पर विश्वविद्यालय की शिकायत

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में जाति विशेष के शिक्षकों को पदाधिकारी नियुक्त करने और अवैध तरीके से लाभ देने के आरोप सहित राजभवन को संबोधित एक पत्र वायरल हो रहा है। यह पत्र स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के लेटरहेड पर लिखा गया है। हालांकि, संगठन की ओर से पत्र को फर्जी बताते हुए इससे कोई संबंध नहीं होने की बात कही गई है। बिहार प्रदेश स्वत्रंतता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह ने कुलाधिपति सह राज्यपाल को पत्र भेजकर कहा है कि उनके लेटरपैड का किसी ने गलत इस्तेमाल किया है।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 14.12.2024, PAGE-02**

## स्नातक थर्ड ईयर : रिजल्ट जारी करने को एबीवीपी ने परीक्षा नियंत्रक को दिया ज्ञापन

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार को परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन देकर स्नातक सत्र 2021-24 के थर्ड ईयर का रिजल्ट जारी करने की मांग की। परीक्षा 5 सितंबर को ही समाप्त हो गई है। परीक्षा कैलेंडर के अनुसार 30 अक्टूबर तक इसका रिजल्ट जारी हो जाना चाहिए था। छात्रों ने बताया कि समय पर रिजल्ट नहीं आने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीयूईटी यूजी में सफल छात्र केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित अन्य संस्थानों में अंडरटेकिंग के आधार पर नामांकन लिए हैं।



परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन देते छात्रनेता।

विश्वविद्यालय की ओर से ऐसे विद्यार्थियों को एक तय समय-सीमा के भीतर अपना अंकपत्र जमा करने की छूट दी गई थी। लेकिन बिहार विश्वविद्यालय के लेटलतीफी के कारण छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में है। विभाग संयोजक दीपांकर गिरी व महानगर जिला संयोजक मयंक मिश्रा ने परीक्षा नियंत्रक से वार्ता करते हुए कहा कि आज हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य संकट में आ गया है। ऐसे छात्रों को चिह्नित करके जिनका एडमिशन किसी अन्य विश्वविद्यालय में हो गया है, परन्तु रिजल्ट में देरी के कारण उनका नामांकन रद्द होने वाला है, उनका रिजल्ट दो-तीन दिन के अंदर जारी कर दें। छात्र नेताओं ने कहा कि समय से अगर रिजल्ट जारी नहीं हुआ तो एबीवीपी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 14.12.2024, PAGE-02

### पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 20 से, विलंब शुल्क के साथ 16 तक भरें फॉर्म

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पीजी सत्र 2023-25 के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। 20 दिसंबर तक परीक्षा शुरू होगी। वहीं, 16 दिसंबर तक 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ पीजी विभाग और संबंधित कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय के परीक्षा कैलेंडर के अनुसार, अक्टूबर में सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा होनी थी। वहीं जनवरी 2025 में थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा प्रस्तावित थी। लेकिन, सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा ही 20 दिसंबर से शुरू होगी, जो 29 जनवरी तक चलेगी। इस साल 20, 21 व 23 दिसंबर को तीन पेपर होंगे। इसके बाद 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक छुट्टी रहेगी। वहीं, 3 जनवरी से परीक्षा शुरू होगी और 29 जनवरी तक चलेगी। परीक्षा विभाग की ओर से 4 से 11 फरवरी तक प्रैक्टिकल व वॉयवा के लिए समय निर्धारित किया गया है। समय से परीक्षा शुरू नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय में पीजी का सत्र फिर से बेपटरी होने लगा है।

# सेमिनार के दूसरे दिन योग के महत्व और उपयोगिता पर चर्चा

सिटीरिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से प्रायोजित \'योग : सिद्धांत और चिकित्सा' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भावात्मानंद सरस्वती ने योग के महत्व और उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के योग विषयक विचार का उल्लेख किया। जोधपुर से आए प्रो.अवतार लाल मीणा और आरा से आए प्रो. किस्मत कुमार सिंह ने योग विषयक संगोष्ठी की सफलता का उल्लेख किया। इस अवसर पर प्रो. लक्ष्मी कुमारी साह, प्रो. सरोज कुमार वर्मा, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. राजेश्वर सिंह, डॉ. पायोली, डॉ. रेणु बाला, डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. हरि शंकर प्रसाद, डॉ. सुमंत कुमार, डॉ. रवि शेखर,



डॉ. हरि शंकर और दिनेश कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. सरोज कुमार वर्मा, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. राजेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे। समापन सत्र के पूर्व तीन शैक्षणिक सत्र हुए। इसमें डॉ. मनोज कुमार राय, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. रणंजय सिंह, राजेश कुमार तिवारी, डॉ. राज कुमार चौबे, मनोज कुमार तिवारी, डॉ. सुधांशु शेखर आदि ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 14.12.2024, PAGE-02

### प्रख्यात वैज्ञानिकों का व्याख्यान

## विवि भौतिकी विभाग में दो दिवसीय इंटरनेशनल सिंपोजियम आज से

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग की ओर से दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन 14 व 15 दिसंबर को किया गया है। इसमें \'इंटरनेशनल सिंपोजियम ऑन कंटेंपरेरी रिसर्च एंड इनोवेशन इन फिजिकल साइंसेज' विषय पर देश-विदेश के कई प्रख्यात वैज्ञानिक अपना विचार रखेंगे। सेमिनार में शिक्षक व शोधार्थी समेत 142 पंजीकृत प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी व विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य प्रो. संजय कुमार सिंह होंगे। वहीं, मुख्य वक्ता देश के प्रख्यात वैज्ञानिक, शिक्षाविद् व इंटर यूनिवर्सिटी एक्सीलेरेटर सेंटर के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडे होंगे। विश्वविद्यालय भौतिक विभाग के अध्यक्ष व सिंपोजियम चेयरपर्सन प्रो. ललन कुमार झा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम का उद्देश्य वर्तमान में विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नए प्रयोगों, विकास व नवाचार की दिशा में हो रहे वर्तमान कार्यों को साझा करना और इस पर विस्तृत विमर्श करना है। दो दिवसीय सिंपोजियम को कई तकनीकी सत्रों में विभाजित कर इसका आयोजन किया गया है। प्रो. झा ने बताया कि सेमिनार में अमेरिका के टस्केगी विश्वविद्यालय के प्रो. प्रकाश चंद्र शर्मा व प्रो. अक्षय कुमार, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. एससी राय, प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. रंजन सिंह, आईआईटी पटना के प्रो. रविंद्र कुमार तिवारी, आईआईटी मद्रास के प्रो. चंद्रकांत मिश्रा, साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स कोलकाता के प्रो. मनोज शरण, इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन के प्रो. बीके सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. राघवेंद्र पांडे सहित देश के कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद व्याख्यान देंगे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र
विश्व गुरू भारत

## कुलपति के खिलाफ असामाजिक तत्वों का आरोप फर्जी निकला ।

मुजफ्फरपुर १३ दिसंबर २०२४ मदन मोहन ठाकुर विश्व गुरु भारत बिहार ब्यूरो चीफ।

कुलपति प्रो. (डॉ) दिनेश चंद्र राय के कार्यकाल में हो रहे सकारात्मक कार्यों की चर्चा विश्वविद्यालय परिसर तथा परिसर से बाहर भी हो रही है. नैक मूल्यांकन कार्य प्रक्रियाधीन है. नैक मूल्यांकन की द्वितीय चक्र की तैयारी भी कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के मार्गदर्शन में ही संभव हो सका है. लेकिन इस दौरान विश्वविद्यालय के माहौल कई बिगाड़ने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों ने कुलपति पर आधारहीन आरोप लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है. बिहार प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के लेटर पैड पर हुए वायरल पत्र को लेकर संगठन के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सिंह ने एक पत्र जारी किया गया है जिसमें उन्होंने पूर्व में जारी किए गए पत्र को फर्जी बताया है. आई क्यू एसी निदेशक प्रो कल्याण कुमार झा ने कहा कि। कुलपति प्रो (डॉ) दिनेश चंद्र राय के कार्यकाल में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन से कुछ असामाजिक तत्वों में घबड़ाहट हो गई है जिससे उनके खिलाफ अनावश्यक आरोप लगाया जा रहा है. नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया में कुलपति जी ने जिस तरह से सकारात्मक निर्देशन किया है वह अद्वितीय है. इस प्रकार के आरोप से विश्वविद्यालय का माहौल नकारात्मक होगा जिससे अंततः छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का ही नुकसान होगा.



डॉक्टर दिनेश चंद्र राय
कुलपति
बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्व विद्यालय मुजफ्फरपुर।